हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025

04 गहौई समाज ने मनाई जयंती नपाध्यक्ष को सौंपा मांग...



07 दुख तकलीफ की घड़ी में आंखों में आंसू मत लाना ...





## खबर संक्षेप

### जिला कौशल समिति की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में टीएल बैठक के बाद होगी। जिन बिंदुओं पर इस बैठक में विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे उन में आईटीआई चलें अभियान अंतर्गत जिला विदिशा में आईटीआई में प्रवेश की समीक्षा, विदिशा जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण संबंधी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ,सर्प मित्र प्रशिक्षण योजना और पीएम विश्वकर्मा प्लेसमेंट इत्यादि की समीक्षा की जाएगी।

### पेंशन प्रकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके विभाग से सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी - कर्मचारियों की समुचित जानकारी जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि सेवा निवृत्त तिथि को तमाम दावों का भुगतान किया जा सके। जिला पेंशन अधिकारी रुपेन्द्र सिंह मरावी ने बताया कि अगस्त 2023 से जुलाई 2025 तक लंबित पेंशन प्रकरणों की उपरोक्त जानकारी विभागों को भेजी गई है। जिसमें विभागों से अप्राप्त पेंशनरों की संख्या 31 है। साथ ही माह जुलाई , अगस्त तथा सितम्बर में सेवानिवृत्त शासकीय सेवको की सूची पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में अप्राप्त प्रकरणों की जानकारी साझा की गई है। माह जुलाई से सितम्बर के अप्राप्त पेंशन प्रकरणों को शीघ्र जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।

### जिला चिकित्सालय में सीवियर एनीमिया के बच्चों को रक्त की सुविधा

**विदिशा।** दस्तक अभियान के दौरान परीक्षण में पाए गए सीवियर एनीमिया के बच्चों को आईडेंटिफाई ( चिन्हित )करके उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार ने संबंधितों दिए हैं। सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि जिले में चिन्हित किए गए सीवियर एनीमिया के बच्चों को ब्लड बैंक से समन्वय कर बिना एक्सचेंज (मुफ्त) ब्लड उपलब्ध कराया जा सके ताकि बच्चों को सीवियर एनीमिया से मुक्त किया जाए अपने-अपने संस्थानों में पाए गए वाले बच्चों की लिस्ट शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लायंस क्लब का हुआ संस्थापक समारोह

**विदिशा।** सोमवार को लायंस क्लब का संस्थापक समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर दिनेश शर्मा, सचिव विनेश त्रिपाठी को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में भोपाल और इंदौर से लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉक्टर दिनेश शर्मा, सचिव विनेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दिनेश गोयल को बनाया गया।

### 7 अगस्त तक चलेगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**विदिशा।** 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। सीएमएचो रामहित कुमार ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और विकास में स्तनपान के महत्व को बताना है। नवजात शिशुओं को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान होता है। जन्म के पहले घंटे में शिशु को स्तनपान कराना और छह माह तक केवल माँ का दूध देना शिशु के लिए अत्यंत लाभकारी होता है, मां के दूध से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि इस अभियान में सहभागिता निभाएं और माताओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करें।

बड़वाले घाट से सुबह 9 बजे शुरू होगी यात्रा

# आज निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा और बाबा महाकाल की शाही सवारी, 68 तीर्थों के जल से होगा विश्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

आज वैत्रवती तट स्थित बड़वाले घाट से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस बार की यात्रा कई मायनों में विशेष होगी, क्योंकि इसमें पहली बार महाकाल की शाही सवारी भी शामिल की गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। सनातन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि इस कांवड़ यात्रा में देशभर के 68 पवित्र तीर्थों से लाया गया जल भगवान विश्वेश्वर महादेव के जलाभिषेक हेतु समर्पित किया जाएगा। यात्रा में ताजे फूलों से सजी झांकियां, उज्जैन का प्रसिद्ध डमरू डीजे बैंड, और शिवजी की विभिन्न झांकियां इस धार्मिक आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करेंगी।

श्री माहेश्वरी ने बताया कि यात्रा मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि कांवड़ यात्रा और महाकाल की शाही सवारी के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



विदिशा। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए वार्डों में भी किया गया प्रचार प्रसार।

### साथ चलेंगी एंबुलेंस व डॉक्टर

कांवड भरने के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए घाट पर होमगार्ड की टीम तैनात रहेगी। यात्रा के पीछे चार डॉक्टरों की टीम के साथ एक एम्बुलेंस तैनात रहेगी। यात्रा संयोजक मनीषा अखिलेश राजपूत ने बताया कि नगरपालिका की सफाई टीम भी यात्रा के साथ चलेगी, जो संपूर्ण मार्ग की स्वच्छता सुनिश्चित करेगी। महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति जैन ने बताया कि यात्रा मार्ग में 21 प्रमुख स्थानों पर भव्य स्वागत की तैयारियाँ की गई हैं। इन स्वागत स्थलों पर जलपान, पुष्प वर्षा एवं भजन संध्या जैसे आयोजन होंगे।

### सुबह 9 बजे से शुरू होगी कांवड़ यात्रा, पंक्ति में खड़े होकर करेंगे जलाभिषेक ताकि सहूलियत हो

यात्रा का मार्ग और समापन समिति प्रवक्ता एवं सह संयोजक रेखा मनोज शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्रा सुबह 9 बजे बड़वाले घाट से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शिवालय पहुंचेगी। वहां श्रद्धालु क्रमबद्ध पंक्तियों में जलाभिषेक करेंगे। समापन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। रविवार को मुख्य मार्गों में कावड़ यात्रा आमंत्रण हेतु प्रचार किया गया इस अवसर पर समिति के महामंत्री प्रशांत रघुवंशी, विमलेश सक्सेना, हैप्पी यादव, अमित यादव, महिला मंडल की महामंत्री नीलम राजपूत, कल्पना किरार, नेहा राजपूत, ज्योति शर्मा, कल्पना रैकवार, रानी राजपूत के अतिरिक्त बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जाम से निजात दिलाने यातायात पुलिस और नपा ने बनाया आपसी समन्वय

# पुरानी नपा व बाल विहार में रहेगी पार्किंग बड़ा बाजार से माधवगंज तक नो एंट्री जोन

**यातयात पुलिस की अपील:** दो पहिया वाहनों को पार्किंग स्थल पर खड़ा कर बाजार में करें खरीदारी

त्यौहारी सीजन में बाजार में लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए यातायात विभाग और पुलिस ने आपसी समन्वय बना लिया है। मुख्य बाजार में दो स्थानों पर 2 पहिया वाहन पार्किंग बनाने का समन्वय बना है। पुरानी नगपालिका और बाल विहार में अस्थाई वाहन पार्किंग बनाई जाएगी। यातायात विभाग ने दो पहिया वाहन चालकों से भी अपील की है कि व्यवस्था बनाने में सहयोग करें और अपने दो पहिया वाहनों को पार्किंग स्थल पर खड़ा कर बाजार में खरीदारी करें। क्योंकि सड़क के दोनों ओर वाहन पार्क होने के कारण भी जाम की स्थिति बनती है।



विदिशा। आज से बाजार में शुरू हो जाएगी रक्षा बंधन के त्योहार की खरीदी। रखी की दुकानें सजकर तैयार हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बाजार में लगने वाले जाम से निपटने के लिए यातायात विभाग ने मार्ग परवर्तित किए हैं। तिलकचौक से निकासा होते हुए कोतवाली के मोड़ तक फोर व्हीलर और ऑटो की एंट्री पूरी तरह से बंद रहेगी

वहीं माधवगंज से बाल विहार के मोड़ तक तो तीन और चार पहिया वाहन आ सकेंगी, लेकिन इसके आगे नहीं बढ़ सकेंगे। उन्हे बाल विहार या बरईपुरा चौराहे के ओर डायवर्ड कर दिया जाएगा। नगरपालिका और यातायात विभाग के आपसी समन्वय से ऐसा पहली बार होने जा रहा है की बाजार में जाम की स्थिति न बने इसके लिए पुरानी नगरपालिका में वाहन पार्किंग बनाई जाएगी। इसी तरह बाल विहार पार्क को भी वाहन पार्किंग के लिए खोला जाएगा। आज सोमवार से ही बाजार में भीड़ बढ़ना शुरू हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग सोमवार को विदिशा का बाजार करने आते हैं। रक्षा बंधन का त्योहार होने के कारण इस बार भीड़ अधिक रहेगी।

शहर की सड़कें संकरी होने और त्योहार में दुकानों के आगे होने वाले अतिक्रमण के कारण बाजार में पैर रखने भी जगह नहीं बचती। यातायात प्रभारी आशीष राय ने दो पहिया वाहनों चालकों से भी अपील की है कि पुराने नपा भवन या बाल विहार में वाहनों को खड़ा कर इत्मिनान से बाजार में खरीदी कर व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

### ऐसी होनी चाहिए बाजार में नो एंट्री की व्यवस्था

गुलाब वाटिका, सिंधी कॉलोनी, डंडापुरा से आने वाले 3 और 4 पहिया वाहन बड़ा बाजार में न घुस सकें। इसके लिए ऑटो, कार, ट्रैक्टर ट्रॉली को पेढ़ी स्कूल के आरओबी से डायवर्ड कर पेढ़ी चौराहे से रायपूरा या बजरिया होते हुए बजरिया निकला जाए। एक यातायात जवान की तैनाती लक्ष्मीबाई प्रतिमा के सामने की जाए। जो ऑटो या 4 पहिया वाहनों को बड़ा बाजार में आने से रोके। बजरिया से बड़ा बाजार में आने वाले 3 पहिया और 4 पहिया वाहनों को भी डायवर्ड कर धर्मधिकारी चौक से कार्तिक चौक होते हुए पेढ़ी स्कूल के ओवर ब्रिज से गर्ल्स स्कूल की ओर निकाला जाए। वहीं डंडापुरा में पुराने पशु बंदीगृह के सामने से घुसकर बड़ा बाजार में निकलने वाले 3 और 4 पहिया वाहनों को बैरीकेट्स लगाकर रोका जाए। यहां से सिर्फ दो पहिया वाहनों को बड़ा बाजार की तरफ एंट्री दी जाए। वहीं शिवाजी चौक पर बैरीकेट्स लगाकर बड़े वाहनों बांसकुल जाने से रोका जाए। चौधरी सलीम वाले तिराहे पर भी एक जवान की तैनाती की जाए ताकि बड़े वाहन बड़ा बाजार में प्रवेश न कर सकें।

मौसमी बीमारियों से बचने के जारी किए निर्देश

# विकासखंडों में दवाईयों के साथ तैयार रहे टीम, कंट्रोल रूम बनाएं

## आयुष्मान आरोग्य सेंटरों पर दवाइयां, ओआरएस क्लोरीन टेबलेट की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। मौसमी बीमारियों एवं उल्टी दस्त से बचाव के लिए सावधानी एवं सर्तकता ही श्रेष्ठ साधन है।

वर्षाकाल के मौसम में पानी छानकर एवं उबालकर पीना चाहिए तथा पेयजल स्त्रोतों का जल शुद्धिकरण ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन टेबलेट से करें। ताजा भोजन ग्रहण करें, बासी एवं कटे-फटे फलों का सेवन न करें । उन्होंने कहा कि घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओआरएस एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखों के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाइटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोएं, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिए एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखाएं।

### सीएमएचओ ने पूरी स्वास्थ्य टीम को किया मुस्तैद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रामहित कुमार ने सिविल सर्जन एवं सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विकासखंड स्तरीय काम्बेट टीम मय चिकित्सक एवं दवाइयों के साथ तैयार रखें। विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर 24 घंटे क्रियाशील करें। आयुष्मान आरोग्य सेंटरों का मौसमी बीमारियों की दवाइयां, ओआरएस, जिंक एवं ब्लीचिग पाउडर एवं क्लोरीन टैबलेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उल्टी-दस्त या मौसमी बीमारियों के संक्रमण की खबर प्राप्त होते ही विकासखंड स्तरीय काम्बेट टीम को त्वरित रवाना करें एवं शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें तथा मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा भी देकर जागरूक करें।



रामहित कुमार
सीएमएचओ

# एक साथ पालें मुर्गी-बकरी, कम लागत में मिलेगा ज्यादा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

किसानों की आय बढ़ाने के लिए नित नवाचारों का प्रयोग किए जा रहे है। इसी के तहत इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग सिस्टम, जो किसानों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है।

इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग सिस्टम (आईएफएस) के तहत बकरियों और मुर्गियों को एक साथ पाला जाता है। इससे किसानों को कम लागत पर ही मुर्गियों से अंडा मिलने लगता है। यही नहीं चिकन के लिए देसी मुर्गा भी कम लागत पर तैयार हो जाता है। देश में बहुत से पशुपालक इस सिस्टम के तहत बकरियां और मुर्गियां साथ-साथ पाल रहे हैं। केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा के दोनों साथ पालने से दोनों की खुराक की लागत भी कम हो जाती है।

बहुत ही कम लागत पर अंडा और चिकन के लिए मुर्गा तैयार हो जाता है। क्योंकि बकरियों का जो दाना और चारा बचता है उसे मुर्गियां खा लेती हैं। इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग सिस्टम के तहत 22 लोगों को 36 से 42 लाख रुपये का लोन देने का लक्ष्य है। इसमें 25 से 33 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। पशु चिकित्सा सेवा विभाग से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## बेतवा से जल भरकर ग्यारसपुर के लिए कांवड़िए रवाना



विदिशा। ग्यारसपुर स्थित कुशवाह शिवालय से जुड़े श्रद्धालु बड़ी संख्या में आज विदिशा पहुंचे बेतवा नदी से बेतवा का जल कावड़ में भरकर ग्यारसपुर की ओर रवाना हुए, जहां कल शिवालय में बेतवा नदी के जल से अभिषेक किया जाएगा। बताया गया की यात्रा में डेढ़ सौ से ज्यादा कावड़ शामिल है।

### आज 21 लीटर दूध से होगा भगवान शिव का अभिषेक

**विदिशा।** श्रावण मास की चौथे सोमवार को आज प्राचीन शिवगढ़ी बैसनगर स्थिति भगवान शिव के दरबार में सुबह 21 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा। वहीं शाम को भजन संध्या गम्मत का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं ने शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवालय में अभिषेक और रात में भजन संध्या का आयोजन प्रति सोमवार किया गया।

### मंदिरों को शक्ति केंद्र बनाने पर दिया जोर

**विदिशा।** शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा ने गौरी मैरेज हॉल में शहर के बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। देश के समक्ष जो वर्तमान चुनौतियां हैं उनका कैसे समाधान निकाला जाए इस विषय पर मंथन किया गया। मप्र शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान संगठन के प्रभारी कृष्णकांत आचार्य और समन्वयक पंकज रघुवंशी ने बताया कि आने वाले दिनों में मप्र के सभी जिलों में शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान संगठन का विस्तार किया जाएगा। मंदिरों को सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाने अभियान को तेज किया जाएगा।

ध्यान सत्र हर शनिवार को हरिवृद्ध आश्रम में आयोजित किया जाएगा

# वृद्धाश्रम में ध्यान कर वृद्धजनों को मिली मानसिक शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

हरि वृद्ध आश्रम में इनर व्हील क्लब विदिशा वंडर्स व हार्टफुलनेस आर्गेनाइजेशन के सहयोग से 3 दिवसीय ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह विशेष सत्र मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस आयोजन में इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रितु गोयल मौजूद रहीं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणादाई भूमिका निभाई एवं ज्ञान के महत्व को समझाया।

ध्यान सत्र का संचालन डॉक्टर सोनिया राजपूत द्वारा किया गया जो हार्टफुलनेस हैदराबाद संस्था से जुड़ी हुई प्रशिक्षिका हैं। उन्होंने सभी लाभार्थियों को सरल एवं प्रभावशाली हृदय केंद्रित ध्यान विधियों से परिचित कराया। उनके द्वारा यह बताया गया कि ध्यान तनाव और चिताओं को कम करने की एक व्यवहारिक विधि है जो आत्म चिंतन और भीतर की ऊर्जा को जागृत करती है।

जिसके द्वारा गहरी मानसिक शांति का अनुभव होता है। कार्यक्रम का समापन सभी लाभार्थियों के मन में नई ऊर्जा और शांति के साथ संपन्न हुआ। विशेष तौर पर इस बात की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया कि अब यह ध्यान सत्र हर शनिवार को नियमित रूप से हरिवृद्ध आश्रम में आयोजित किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोग इस ध्यान साधना से लाभान्वित होंगे।



विदिशा। हरिवृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ध्यान करते हुए बुजुर्ग व अतिथि।

# मोक्ष प्राप्ति के लिए आत्मा की जरुरी होती है शुद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

उदयगिरि नसिया में चल रहे 7 दिवसीय स्वाध्याय शिविर में बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी द्वारा उद्बोधन में आत्मा पर चर्चा की गई।

प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने बताया कि सुबह 7:30 से उदयगिरि में पूजन प्रवचन एवं दोपहर 3:30 से सीमंधर जिनालय स्टेशन पर भैयाजी के प्रवचन हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को समाज के प्रति भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। नैतिक आचरण से मानसिक शांति और स्वास्थ्य बेहतर होता है। कर्मशीलता से आत्मा को सशक्त बनाना संभव है। हर व्यक्ति को अपने अच्छे कर्मों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मोक्ष प्राप्ति के लिए आत्मा की शुद्धता आवश्यक है। सांसारिक जीवन से मुक्ति पाने का उद्देश्य उसके लिए उचित मार्ग अपनाने से संभव है। आत्मा का शुद्धीकरण किसी बाहरी उपाय द्वारा नहीं किया जा सकता, यह केवल स्वयं के ज्ञान, स्वध्याय, और सच्चाई के प्रति दृढ़ निष्ठा से संभव है। स्वध्याय और गहन में आत्म-अवलोकन से ही आत्मा में अंतर्निहित दिव्यता को पहचाना जा सकता है।

निशंक और निकांचित हुए बिना, सही मार्ग प्राप्त नहीं किया जा सकता। सही दृष्टिकोण वह है जो दूसरों की बुराइयों पर ध्यान ना देकर स्वयं की गलतियों पर विचार करे। आत्मा में छुपा हीरा दिव्यता तभी प्रकट होता है जब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को निकाल फेंकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सांडों की लड़ाई से मची अफरा-तफरी



**गंज बासौदा।** नगर की सड़कों पर एवं वार्डों की गलियों में विचरण करते आवारा गौवंश की समस्या गंभीर होती जा रही है। आए दिन सांड लोगों को घायल कर रहे हैं। गत दोपहर के समय नेहरू चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो सांड आपस में भिड़ गए। सड़क के बीचोंबीच करीब आधा घंटे तक उनका संघर्ष चला, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो गया। इस दौरान कई पैदल राहगीरों और बाइक सवारों को जान बचाने के लिए इधर उधर भागना पड़ा। कुछ दुकानदारों ने तो अपनी दुकानें तक बंद कर दीं। सांडों की भिड़ंत इतनी तीव्र थी कि उनके टकराने से कुछ लोगों के वाहन गिर पड़े। गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

### ग्रामीणों सहित बासौदा और ग्यारसपुर जनपद अध्यक्षों ने माना विधायक का आभार

# विधानसभा में 17 पंचायत भवन व 9 सामुदायिक भवन हुए स्वीकृत






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से क्षेत्र में करीब 9 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिसमें 17 पंचायत भवन स्वीकृत हुए हैं। जिसकी कुल अनुमानित राशि 6 करोड़ 37 लाख पचास हजार रुपए आंकी गई है। साथ ही 9 सामुदायिक भवन स्वीकृत हुए हैं जिसकी अनुमानित राशि 2 करोड़ 25 लाख रुपए आंकी गई है। क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में यह बड़ी सौगात क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से मिलने पर नागरिकों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार माना है। वहीं रघुवंशी ने 9 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृति के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल समेत सभी वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्रीय विधायक रघुवंशी ने कहा कि अब विकास का पहिया नहीं रुकेगा। संपूर्ण क्षेत्र में जहां जो जरूरत होगी क्रमबद्ध रूप में वहां विकास कार्य होता रहेगा।

**यह भवन हुए हैं स्वीकृत**

कुल 17 पंचायत भवन स्वीकृत हुए हैं जिसके लिए प्रत्येक भवन की लगत 37 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। जिसमें 15 पंचायत भवन जनपद पंचायत बासौदा के अंतर्गत हैं जिसमें निम्न ग्राम पंचायतें शामिल हैं, सैरवासा , मैनवाडा, खैरोदा, रबरयाई, घटेरा, मुरादपुर, सिरनोटा, करोदाकला, स्यारी, उकायला, गमाखर, पचमा ,कस्बा बागरोद, विषधा, खेरूआ हैं। जबकि दो पंचायतें ग्यारसपुर जनपद पंचायत की पुरा गुसांई, बोरी रामपुर भी शामिल हैं।साथ ही कुल 9 सामुदायिक भवन स्वीकृत हुए हैं प्रत्येक सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। जिसमें 3 सामुदायिक भवन ग्राम गमाखर, मूडरी, मुरादपुर हैं जो कि बासौदा जनपद पंचायत के अंतर्गत आते हैं।

जबकि 6 सामुदायिक भवन पुरागुसाई, बोरीरामपुर ,लखूली, ऊहरकोटरा, कंजेला, घटेरा हैं जो कि ग्यारसपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मिली इस बड़ी सौगात के लिए बासौदा जनपद पंचायत की अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी व ग्यारसपुर जनपद पंचायत की अध्यक्ष रजनी ब्रजेश लोधी ने क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## गहौई समाज ने मनाई जयंती नपाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को हिंदी साहित्य के अनमोल रत्न राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की 139 वीं जयंती के अवसर पर श्री गहौई वैश्य समाज पंचायत द्वारा सुबह के समय डॉ. मैथलीशरण गुप्त चौक लक्ष्मीबाई पार्क देहात थाना के सामने माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया। तत्पश्चात श्री गहौई वैश्य समाज पंचायत द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष  शशि अनिल यादव को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें लक्ष्मीबाई पार्क डॉ. मैथिली शरण गुप्त मार्ग स्थित चौराहे पर स्थापित डॉ. मैथिली शरण गुप्त की मूर्ति एवं स्ट्रक्चर की मरम्मत, जीर्णोद्धार, सौन्दर्य कार्य कराये जाने की मांग की गई।

### नौलखी घाट पर हरियाली महोत्सव मनाया, पौधरोपण किया

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी के नौलखी बेतवा घाट पर सावित्री महिला मंडल द्वारा हरियाली महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें अलग-अलग जगह पर पौधरोपण किया गया और सभी बहनों द्वारा हरियाली को ध्यान में रखते हुए हरी साड़ी पहनी एवं सभी को हरे रंग की चूड़ियां वितरित की गई। जिसमें झूला मौज मस्ती के साथ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नौलखी घाट पर चारों तरफ हरियाली ही हरियाली थी। इस दौरान हरियाली मैया से प्रार्थना की गई कि सभी का जीवन हरा भरा रहे, सबके जीवन में खुशियां भरी रहें, हरियाली मैया सबके जीवन में हरियाली बनाए रखें। इस अवसर पर सावित्री महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली शेबड़े, सलाहकार मंडल विद्या यादव, रश्मि देशपांडे, आशा दीक्षित, रेखा गुर्जर, सुधा पांडे, साझी, कविता शर्मा, विशाखा विश्वकर्मा , लक्ष्मी पाठक सहित बडी संख्या में महिलाएं एवं बेटियां उपस्थित थीं।



## राइफल शूटिंग में बच्चों ने लगाया निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत राइफल और पिस्टल शूटिंग का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता सैट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। इसमें भारत माता कॉन्वेंट स्कूल, शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर, सैट एसआरएस और वात्सल्य पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन ने बताया कि अब ब्लॉक स्तर पर राइफल शूटिंग का रुझान बढ़ रहा है। यह बच्चों के लिए अच्छा संकेत है। जिले में बहुत कम बच्चों को शूटिंग का मौका मिलता है। यह प्रतियोगिता उन्हें मंच देती है। प्रतियोगिता का संचालन स्वतंत्र कुमार जैन, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी कपिल कुमार गौड, चेतन माथुर, मोनिका जैन और गजेंद्र दांगी ने किया। चयनित खिलाड़ी 4 अगस्त को इसी स्कूल में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि राइफल शूटिंग से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। इसमें अनुशासन और मेडिटेशन जरूरी होता है। यह खेल खिलाड़ियों को मन की शांति और लक्ष्य के प्रति जुनून देता है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को आगे बढ़ने का मौका देती हैं। चयनित खिलाड़ियों को विद्यालयीन स्टॉफ, परिजनों ने बधाई दी है।

## वार्डवासियों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री से की गली को खुलवाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 के रहवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रेलवे द्वारा बाउंड्री वॉल बना देने से वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 का मूख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जो कि शिव मंदिर के पास से पुरानी कलारी वाली गली को रेलवे रोड से जोड़ता है। जिससे बस्ती के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में आपको 6 जुलाई को नगर आगमन के दौरान भी वार्ड की बहनों द्वारा ज्ञापन दिया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए रेल प्रशासन ने फौरी कार्रवाई तो की है, लेकिन रास्ता नहीं खोला जा सका है। यह मुख्य रास्ता बंद होने से वार्ड क्रमांक 1 और 2 की स्टेशन से लगी बस्ती में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य बडे वाहनों का पहुंचना ही मुश्किल हो गया है। ऐसे में गंभीर मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने में अन्य छोटी गलियों से छोटे वाहनों से लेकर जाना होता है। वहीं अग्नि दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में तो इस बस्ती तक फायर ब्रिगेड पहुंच ही नहीं सकती। वहीं वार्डवासियों, अपडाउनर्स को भी रेलवे स्टेशन आने जाने में लंबा चक्कर लगाना पड रहा है। नागरिकों की इन्हीं परेशानियों और जनहित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग वार्डवासियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में केन्द्रीय कृषि मंत्री से की गई। इस दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिनिधि मंडल को पूर्णतः आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से  सुप्रिया शर्मा, राजू रैकवार, राजू तिवारी, दीपक शर्मा, प्रमोद पटैरिया, रितिका, माया, रक्षा, विमला, अरविंद मालवीय, सृष्टि मालवीय, किरण शर्मा, रिया, नरेश, रवि आदि उपस्थित थे।

## नलजल योजना के गड्ढे खुले छोड़ गए ठेकेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव में नलजल योजनाओं का काम किया जा रहा है, लेकिन इस योजना में विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से निर्माण एजेंसी नलजल योजनाएं चालू तो नहीं कर रही हैं, बल्कि निर्माण के नाम पर गंभीर लापरवाही कर रही हैं। जिसको लेकर न तो विभागीय अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही प्रशासन द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

जानकारी के अनुसार लगभग प्रत्येक गांव में लाखों की लागत से नलजल योजनाओं का काम किया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा सीसी सडकों, गलियों को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन अभी तक खोदी गई सीसी सड़कों या गलियों की मरम्मत नहीं की गई है। महीनों से कई गांवों में यही स्थिति बनी हुई है। ग्राम बांकची, स्यारी, डाबर, ककरावदा सहित कई ऐसे गांव हैं, जहां गलियां और सडकें खुदी पड़ी हैं। अब बरसात में ये खुदी सडकें कीचड और गंदगी का कारण बन रही हैं। वहीं खुले गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बने हुए हैं, जिनमें आए दिन ग्रामीण गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग नलजल योजनाएं तो चालू नहीं करवा पा रहा है, लेकिन खुदी सडकें और गलियों की मरम्मत तो करवा ही दे। जिससे ग्रामीणों को इन परेशानियों से निजात मिल सके।

## विधायक और नपाध्यक्ष ने की चर्चा




**गंजबासौदा।** रविवार को श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में विधायक हरिसिंह सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल ने पूर्व सैनिको एवं जैन समाज के लोगों के साथ बैठक की। जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित अनेक पूर्व सैनिक और जैन समाज बंधू मौजूद थे।

### सहयोग से संकल्प पूरा करने श्रमदान दल ने किया पौधरोपण

## श्रमदान दल ने रोपित किया बट का पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पौधा लगाने का संकल्प सहयोग से पूरा करने के लिए रविवार को मित्रता दिवस पर श्रमदान दल ने बट का पौधा लगाया। दल के सदस्य आकाश जैन ने बताया बट का पौधा वृक्ष बनकर हमारे संकल्प का साक्षी बनेगा। बेतवा सुरक्षा संरक्षण के लिए चलाए गए कार्यक्रम की स्मृतियां बनकर आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देगा। पबई स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय ने बताया जिस प्रकार बट वृक्ष की विशालता हजारों लोगों को ऑक्सीजन और छाया प्रदान करती है। ठीक उसी प्रकार बेतवा नदी भी सैकड़ो लोगों की जीवन रेखा कहलाती है। अपनी निर्मलता की प्रेरणा देती है। हमारा भी कर्तव्य नदी और वृक्षों को सुरक्षा और संरक्षण देना है। जो हमें जीवन दान देते हैं। इस मौके पर दल के सदस्य दीपेश शर्मा, नीरज साहू, कोमल कुशवाह, रुद्रन सिंह राजपूत, नितिन अग्रवाल, योगेंद्र मांझी, दिनेश चौरसिया, ज्ञानक साहू, गोरी चौरसिया ने सेवा के प्रकल्प को गति देने का संकल्प लिया। इसके साथ सदस्यों ने बताया यह अभी हम अब आंदोलन बन गया है। इस मौके पर सदस्यों ने बारिश के मौसम में लोगों से एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण सुरक्षा करने का आव्हान किया।

## एफआईआर से मृतकों के नाम हटवाने पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस ग्राम बत्तीसा के ग्रामीणों ने विदिशा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन दिया। जिसमें नाम गलत तरीके से एफआईआर में पंजीबद्व किए जाने की बात कही गई। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि 17 जुलाई को कुछ व्यक्तियों के मध्य विवाद हो गया था। जिसमें फरियादियों द्वारा ग्राम बत्तीसा के कुछ निर्दोष व्यक्तियों के नाम एफआईआर में पंजीबद्ध करा दिये हैं। जो पूर्णतः असत्य है। एफआईआर में वर्णित दयाराम गुर्जर, रघुवीर गुर्जर और मुल्लू गुर्जर जो कि काफी समय पहले मृत हो चुके हैं और ग्राम बत्तीसा के ही नीलेश गुर्जर जो कि उक्त दिनांक को गंजबासौदा में फसल संबंधित कीटनाशनक दवाई लेने हेतु बघेल कृषि सेवा केन्द्र पर आए हुये थे। जिनका सीसी फुटेज भी उक्त दुकान के कैमरे में उपलब्ध है। फरियादिगणों ने उक्त असत्य नाम राजनैतिक एवं ग्रामीण रंजिश के बलते झूठे लिखाए हैं। प्रार्थी निर्दोष हैं वह इस घटना में न शामिल हुआ और न ही उसने कोई घटना कारित की है। यह कि समाचार पत्र की न्यूज़ के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि ग्राम बरेठ में पढ़ रहे ग्राम बत्तीसा के बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। जबकि नीलेश की शादी भी नहीं हुई है न ही उसके कोई बच्चा है। सौंपे गए आवेदन में उचित जांच कर एफआईआर में पंजीवद्ध गलत नाम हटाए जाने की मांग की गई।

### अमले ने की सफाई



**गंजबासौदा।** रविवार को नपा सफाई अमले द्वारा नगर के वार्ड नंबर 20 देहात थाने के सामने मैथिली शरण गुप्त जन्मदिन के अवसर पर चौराहे की साफ, सफाई कर चूना की लाइनिंग करवाई गई। इस अवसर पर स्वच्छता अधिकारी आर के नेमा, शक्ति सिंह दरोगा, धर्मेंद्र मैना प्रभारी मेट मौजूद रहे।

## रक्त सेवा समिति की स्थाई समिति की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को रक्त सेवा समिति म. प्र. रजत जयंती वर्ष हेतु स्थाई सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में वर्ष भर के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और 12 अगस्त को सभी हायर सेकेंडरी स्कूल, कॉलेज से जन जागरण रैली के रूप में, रक्तदान एवं नशा मुक्ति हेतु रैली विद्यालय से निकलकर, उत्कृष्ट विद्यालय, थाने के सामने पहुंचेगी, सुबह 11 बजे संकल्प सभा के रूप में रैली का समापन होगा। इस रैली में सभी विद्यालयों की बैठक होकर के निर्णय लिया कि हम अपने विद्यालय से रैली प्रारंभ करेंगे। स्थाई सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रम के प्रायोजक बनकर, इसमें तन, मन ,धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

रक्त सेवा समिति की इस बैठक में संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत, महिला अध्यक्ष ममता जैन, युवा अध्यक्ष शुभेन्द्र सिंह राजपूत, कार्य अध्यक्ष विद्या यादव, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, संरक्षक महेंद्र जैन बडकुल, सुरेश जैन ओम हार्डवेयर, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित ,विजय भावसार, ओम प्रकाश जैन, जयंती जैन, सुनंदा लोहिया ,सुनीता दुबे, प्रमिला तिवारी, अंजू तिवारी, सीमा दुबे,शरद भावसार, रूपेश लॉर्ड,सुरेंद्र सिंह दांगी, महेंद्र सिंह रघुवंशी, रवि शंकर लोहिया, राजकुमार रघुवंशी, सौमित्र तिवारी, राजेंद्र गौड़ , ओम प्रकाश चौरसिया, हरि महाराज, जगदीश श्रीवास्तव , तनिष्क, सुनील अहिरवार, शांति कुमार जैन, रविंद्र दीक्षित, रविंद्र जैन, सीके जैन, शिवदीप सचान, कपिल रघुवंशी, मोहित भार्गव, हेमंत रघुवंशी, राम आदित्य श्रीवास्तव, हेमराज पाल, जगदीश श्रीवास्तव, दिनेश नरवरिया, हेमराज, नितिन सक्सेना, अमित शुक्ला उपस्थित थे। संचालन अनिल दुबे ने किया एवं आभार मुकेश तिवारी ने व्यक्त किया।

## नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, साथ में नाचते गाते शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

# शहर में पहली बार निकली 500 मीटर लंबी बालक-बालिकाओं की विशाल कांवड़ यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रविवार को नगर में धार्मिक आस्था और संस्कृति से ओतप्रोत एक अनोखी पहल देखने को मिली जब श्री नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में 7 से 15 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। नगर में यह पहली बार हुआ जब छोटे-छोटे बच्चों ने इतनी श्रद्धा और उल्लास के साथ कांवड़ यात्रा में भाग लिया।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ संघ के पूर्व प्रचारक समाजसेवी तरुण यादव के नेतृत्व में प्रातः श्री गिरधारी जी मंदिर से जल भरने के साथ हुआ। बालक अपने कंधों पर कांवड़ रखे और बालिकाएं सिर पर कलश धारण किए धार्मिक गीतों के साथ आगे बढ़ रही थीं। तो वही डीजे पर बज रहें भोले के भजनो से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा को व्यवस्थित रूप देने के लिए समिति के सदस्य बीच-बीच में व्यवस्थाएं संभालते नजर आए। इस अवसर पर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों जैसे चांदनी चौक, सराफा बाजार, मुख्य बाजार, घेतल गली, चक्की चौक से होती हुई पचकुइया हनुमान मंदिर स्थित श्री नागेश्वर मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया गया। इस पूरे धार्मिक आयोजन में नगरवासियों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा से भाग लिया। इस दौरान कांवड़ यात्रा के मार्ग में समाजसेवी संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा के साथ यात्रियों का अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, पदम ताम्रकार मित्र मंडली सहित अन्य सामाजिक संगठनों की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने जलपान, शीतल जल, प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम जैसी व्यवस्थाओं का भी उत्कृष्ट संचालन किया। वही समाजसेवी तरुण यादव, चरण सिंह रघुवंशी, अरुण भारती, प्रमोद रघुवंशी ने समापन अवसर पर अपने वक्तव्य रखे। श्री यादव ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में धार्मिक चेतना जागृत करना और उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना था। इस अद्वितीय आयोजन की नगरभर में सराहना हो रही है और इसे हर वर्ष आयोजित करने की मांग भी उठ रही है। वही कांवड़ यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद विद्या विहार, सद्गुरु, श्रीमती गंगाबाई जगमोहनदास ,प्रज्ञा कान्वेंट स्कूल आदि स्कूलो का भी विशेष योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बालक बालिका सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे बने कांवड़ यात्रा में आकर्षण का केंद्र

शहर में पहली बार आयोजित हुई बालक-बालिकाओं की कांवड़ यात्रा ने श्रद्धालुओं और नागरिकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। नर्मदेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई इस अनोखी यात्रा में 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ, जो पूरे दिन शहर में चर्चा का विषय बनी रही। नर्मदेश्वर सेवा समिति के सहयोग से यह आयोजन पूरी तरह से अनुशासित, भव्य और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। बच्चों ने पारंपरिक परिधान में कंधे पर कांवड़ उठाकर भोलेनाथ के जयकारे लगाए और शिवभक्ति का संदेश दिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा, जलपान व फलाहार की व्यवस्था की गई। भक्ति संगीत, शिवनाम संकीर्तन और ढोल-नगाड़ों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। यात्रा का समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही समापन अवसर पर उत्कृष्ट कांवड़ लाने वाले तीन बालक बालिकाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया।

### स्वदेशी भावना से ओत-प्रोत रही यह कांवड़ यात्रा

वही बालक-बालिकाओं की यह कांवड़ यात्रा एक विशेष संदेश के साथ सम्पन्न हुई। धार्मिक उत्साह के साथ-साथ इस आयोजन में स्वदेशी जागरण की भावना भी मुखर रूप से देखने को मिली। यात्रा मार्ग पर बम बम भोले के जयकारों के साथ साथ जय स्वदेशी, जय-जय स्वदेशी के नारे भी गूंजते रहे। वही कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्वदेशी एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला सह-संयोजक प्रमोद रघुवंशी ने सभी विद्यार्थियों से स्वदेशी संकल्प का वाचन कराया। संकल्प में यह प्रेरणा दी गई कि हम विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर देशी उत्पादों को अपनाएं, तथा अपने घरों में भी स्वदेशी वातावरण विकसित करें। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वे अपने माता-पिता को भी इस अभियान से जोड़ें और यह चिंतन करें कि उनके घर में कौन-कौन सी वस्तुएं स्वदेशी हैं तथा भविष्य में क्या-क्या स्वदेशी अपनाया जा सकता है। यह भी आग्रह किया गया कि भविष्य में कोई भी विदेशी वस्तु न खरीदी जाए।

## रंग-बिरंगी लाइटों से सजा बाबा विश्वनाथ का दरबार

### आज लाखों की संख्या में तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर पहुंचेंगे श्रद्धालु

**सिरोंज**। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए सिरोंज सहित आसपास के अन्य शहरो से हजारो की संख्या में भक्तो का जनसैलाब पहुचता है। तो वही आज सावन माह का अंतिम सोमवार को बाबा के दर्शन करने के लिए हजारो की संख्या में श्रद्धालु अपने हाथो में कावड लेकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवपुर रवाना हुए। देवपुर धाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर समिति के सदस्य रविवार शाम से ही व्यवस्थाओं में जुट जाते है। जो कि सोमवार देर रात्रि कर व्यवस्थाओं व श्रद्धालुओ को बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन कराने में जुटे रहते है। समिति द्वारा पूरे मंदिर परिसर को रंगबिरंगी लाइटो से सजाया गया है।

## नगरवासियों के बीच चर्चाएं

# फिल्म धड़क 2 में किरदार निभाते नजर आए वरिष्ठ रंगकर्मी संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिद्ध आश्रम आमाढाना के वरिष्ठ मंहत एंव वरिष्ठ रंगकर्मी पं संजय मेहता एक अगस्त को रिलीज हुई फिल्म धड़क 2 में एक बहुत ही मजेदार किरदार निभाते नजर आए। जैसे ही क्षेत्रवासियो को फिल्म धड़क 2 की रिलीज होने की जानकारी मिली तो फिल्म में संजय मेहता को देखने के लिए क्षेत्रवासी भोपाल,विदिशा के बडें बडें सिनेता हॉल पहुचें और संजय मेहता के मजेदार किरदार को देखकर अपनी खुशी जाहिर की। क्षेत्रवासियो ने बताया कि फिल्म में कॉलेज के प्रिंसिपल सिध्दांत चतुर्वेदी को अपने पिता को बुलाकर लाने को कहता है तब सिद्धांत चतुर्वेदी नाई की दुकान पर जाकर एक नाई से बात करते हैं जिसका किरदार संजय मेहता ने निभाया है और संजय मेहता में बाप बनने को कहते हैं और संजय मेहता तैयार हो जाते हैं प्रिंसिपल के सामने जाकर सिध्दांत चतुर्वेदी की खूब पिटाई करते हैं और प्रिंसिपल हाथ जोड़ लेता है कहता है आप जाइए मैं सब संभाल लूंगा इसके पहले भी संजय मेहता कई फिल्मों में काम कर चुके हैं बेस्ट हिंदी मूवी का नेशनल अवार्ड पाने वाली फिल्मीस्तान में आतंकवादियों के लीडर की भूमिका संजय मेहता ने निभाई है। इसके अलावा सौरभ शुक्ला की फिल्म ड्राईडे में इन्होने किरदार निभाया है। साथ ही संजय मेहता ओमेर्ता वाह ताज मोहल्ला अस्सी फिल्म में भी काम कर चुके हैं आने वाली फिल्म आदित्य धर की धुरंदर है जिसमें अब्दुल बुतावी का चरित्र निभा रहे हैं इस फिल्म में रणवीर सिंह,संजय दत्त,अक्षय खन्ना,अर्जुन रामपाल भी शामिल है।

## कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की बैठक सम्पन्न, नवीन कार्यकारिणी गठित



सिरोंज। कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बटैया सरकार हनुमान मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता महेश कुर्मी के नेतृत्व में की गई। संगठन के सदस्यों की उपस्थिति में सामाजिक गतिविधियों को लेकर व्यापक चर्चा हुई और संगठन की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस नवगठित कार्यकारिणी में नीलेश कुर्मी, रवि कुर्मी और आकाश कुर्मी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तो वही राजेश पटेल को सचिव, और लेखराज को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। रामचरण कुर्मी को सलाहकार, प्रकाश कुर्मी को महामंत्री, तथा कमल कुर्मी को कानूनी सलाहकार बनाया गया। संगठन के सुचारू संचालन हेतु लखन कुर्मी को व्यवस्थापक और जगमोहन कुर्मी को सह-व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। इसी के साथ देवेंद्र कुर्मी को मीडिया प्रभारी, आशीष कुर्मी को सूचना प्रभारी तथा ओम बाबू को सह-मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। तो वही अन्य प्रमुख पदाधिकारियों में नवल कुर्मी प्रवक्ता, जश्मन सह-सचिव,झारसिंह कार्यालय मंत्री,महेश मंत्री,निकुंज गौर कार्यक्रम प्रभारी,गोलू कुर्मी आईटी सेल प्रभारी,फूल सिंह सह-आईटी सेल प्रभारी और राधारमन गौर महामंत्री पद पर शामिल रहें। बैठक में समाज शिक्षा, सामाजिक सहयोग, संगठनात्मक एकता और युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने को लेकर सकारात्मक विमर्श से बैठक समापन हुआ।

## प्रगतिशील किसानों के लिए पुरस्कार के आवेदन

**सागर**। कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने और उत्पादन वृद्धि में योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से "सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन " अंतर्गत आत्मा परियोजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मूल्यांकन वर्ष 2024-25 हेतु यह प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें इच्छुक किसान 31 अगस्त तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा, सागर द्वारा जानकारी दी गई कि आवेदन आत्मा जिला कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## सहायक संचालक शिक्षा ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सागर**। संयुक्त संचालक शिक्षा से सहायक संचालक अनीता अहिरवार मनीषा अलेक्जेंडर, आशुतोष गोस्वामी ने बमोरी बीका हायर सेकेंडरी स्कूल का दोपहर 1:00 बजे निरीक्षण किया जिसमें सभी कक्षाएं विधिवत संचालित पाई गई सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए एक शिक्षक अवकाश पर थी। स्कूल में पेड़ पौधे के रखरखाव एवं पर्यावरण पर प्रसन्नता व्यक्ति की स्कूल में बेसलाइन टेस्ट मासिक टेस्ट साइकिल पुस्तकों के वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की संस्था में सभी गतिविधि नियमानुसार थीं।



## स्नातक विषयों में 81 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी, रिक्त सीटों के लिए होगी दूसरे चरण की काउन्सिलिंग

**सागर**। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में स्नातक विषयों में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की (तीन दिवसीय) काउन्सिलिंग 01 अगस्त को सम्पन्न हुई। प्रवेश प्रकोष्ठ के मुख्य समन्वयक प्रोफेसर दिवाकर शुक्ला ने बताया कि स्नातक की कुल विज्ञापित 2398 सीटों पर प्रवेश लेने के लिए बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित हुये। प्रथम काउन्सिलिंग अंतिम दिन भी देर रात तक जारी रही। देर रात तकप्रवेश प्रकोष्ठ को प्राप्त आंकडों के अनुसार स्नातक में विभिन्न विषयों की कुल 2398 सीटों पर लगभग 1958 से अधिक प्रवेश हुए।

## स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान में शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा जिसमें सागर जिले में सभी विभाग के विभाग अधिकारी कर्मचारी अक्षरशः पालन करते हुए करेंगे । उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि प्रथम चरण में 3 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे।

अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियानः पौधरोपण किया

**गढाकोटा**। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान 05 जून से 30 सितंबर तक के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र -छात्रा इकाई द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आकृति खरे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के महत्व को विस्तृत रूप से समझाया । साथ ही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे सुबोध विजय ने पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण के महत्वता को समझाया ।

## प्रज्ञा प्रवाह इकाई ने बौद्धिक संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रज्ञा प्रवाह इकाई विदिशा के तत्वावधान में रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय में एक दिवसीय बौद्धिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाराणा प्रताप कॉलेज के संस्थापक यशवंत प्रताप सिंह राठौड़ ने कहा कि विचारों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है। ऐसे संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक-राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान संभव होते हैं और विशेषज्ञों द्वारा किए गए शोध कार्य समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं। इसी अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय में प्रज्ञा प्रवाह अध्ययन केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।

इसके बाद प्रज्ञा प्रवाह, इकाई विदिशा के विभाग प्रमुख जेएस चौहान ने प्रज्ञा प्रवाह के उद्देश्य व कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रज्ञा प्रवाह कार्यक्रम वर्ष 1982 से सतत रूप से कार्य कर रहा है। जिसका उद्देश्य भारत के कोने-कोने में बौद्धिक क्रांति का संचार करना है। इसके अंतर्गत हम सभी को प्रति माह या माह में दो बार एकत्र होकर विमर्श के विषयों का चयन कर, उन पर गहन अध्ययन और शोध करना चाहिए। यह आंदोलन भारतीयता, स्व से बोध और स्वतंत्रता से स्वाधीनता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रमुख चरण में डॉ. शशिकला ने पंच परिवर्तन विषय के अंतर्गत लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, प्रशासनिक कौशल, सामाजिक चेतना एवं उनके आदर्श नेतृत्व पर प्रभावी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर, प्रजा के हित में जो कार्य किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनके कार्यों से वर्तमान भारत को दिशा मिल सकती है। इसके पश्चात डॉ. रितेश शर्मा ने डॉ. बजरंग लाल गुप्ता द्वारा रचित पुस्तक विकास के नए प्रतिमान पर आधारित विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने वैश्विक बाज़ार जैसे जटिल विषय को उदाहरणों और तर्कों द्वारा सरल ढंग से समझाया। अंतिम चरण में श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान दोनों मुख्य वक्ताओं द्वारा संतोषजनक रूप से किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. निशा द्विवेदी के सारगर्भित वक्तव्य से हुआ।

## ग्यारसपुर का एतिहासिक मानसरोवर तालाब लबालब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

नगर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक मानसरोवर तालाब इस वर्ष की अच्छी वर्षा के कारण पूरी तरह लबालब हो गया है।

तीन ओर से हरियाली से आच्छादित पहाड़ियों से घिरा यह तालाब, न केवल नगर की जल आवश्यकता की पूर्ति करता है, बल्कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र भी है। मान्यता है कि यह प्राचीन सरोवर श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है।

इसके पावन घाटों पर कमलेश्वर महादेव मंदिर, राम-जानकी मंदिर, आनंद गुफाएं, कंकाली माता मंदिर तथा मां बिजासन देवी जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल विराजमान हैं। यहां सालभर विविध धार्मिक अनुष्ठान, कथा-कीर्तन और पर्वों का आयोजन होता है, जो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। तालाब के लबालब भरने से नगर का वाटर लेवल संतुलित बना रहता है, जिससे गर्मियों में जल संकट नहीं होता। मानसरोवर तालाब न केवल ग्यारसपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह स्थल अब आध्यात्मिक पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ रहा है।

# कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरबाई में स्थित पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में रविवार को छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और ग्रामीण विद्यार्थियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम सैनी, मेहलूआ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी गौतम राजपूत रामरतन सिंह राजपूत आदेश ठाकुर बरवाई संकुल प्राचार्य राजेश एलिया एवं समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा में आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके भविष्य को संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को स्कूल आने-जाने में सुविधा देना, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ड्रॉपआउट दर को कम करना है। अंत



में विधायक हरि सिंह सप्रे ने विद्यार्थियों से मेहनत और लगन से पढ़ाई कर अपने माता-पिता, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने का आह्वान किया। समापन अतिथियों और शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ।

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

## खबर संक्षेप




### पौधे रोपकर दिया प्रकृति को हरा भरा बनाने का दिया संदेश

**सिलवानी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सत्यार्थ वेलफ़ेयर फॉउन्डेशन एवं प्रस्फुटन समिति जमुनिया द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम के पंचायत भवन के समीप विभिन्न प्रजाति के 32 पौधों का रोपण किया गया। जिसमे आम 7, सतपर्णी 2, जामुन 14, मुनगा 4,नीबू 5 पौधे शामिल थे । कार्यक्रम में सत्यार्थ उंडेशन के अध्यक्ष अरविन्द पाठक, समाजसेवी एवं शिक्षक विजय सोनी, रामकुमार राय, सतीश साहू, अर्जुन कुशवाहा, प्रदीप प्रजापति, हर्ष विश्वकर्मा, वीरेन्द्र यादव ब्लॉक समन्वयक सिलवानी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने उठाए हेल्प लाइन को लेकर सवाल

**रायसेन।** सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, बरेली के पूर्व कांग्रेस विधायक देवेंद्र सिंह पटेल गडरवास युवा नेता हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता कवींद्र रघुवंशी ने सीएम हेल्पलाइन 181 को लेकर सवाल उठाते हुए शासन प्रशासन पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी कामकाज में लेटलतीफी और शिकायतों को लेकर जब आम आदमी थक जाता है, तब वह सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराता है। आरटीआई के शिकायतकर्ता को उम्मीद होती है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हो जाने के बाद उसकी सुनवाई जरूर होगी।लेकिन इन दिनों सीएम हेल्पलाइन निराकरण का कम और प्रताड़ना का कारण ज्यादा बन रही है। कई केस ऐसे आए हैं जिनमें शिकायतकर्ता को कार्रवाई करने से पहले शिकायत वापस लेने का दबाव डाला जा रहा है। शिकायत वापस न लेने पर उनको शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कहीं अनियमितताओं में ना फंसने के भय से शिकायत कर्ता को प्रताड़ित किया जा रहा है।वहीं प्रदेश में सत्तारूढ़ डॉ मोहन सरकार मप्र में भ्रष्टाचार की जड़ें खत्म करने का दावा कर रही है।

### किसान 14 अगस्त तक करा सकेंगे फसल बीमा

**रायसेन।** किसानों के हित में फसल बीमा की तारीख बढ़ गई है। पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा पंजीयन 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त और ऋणी किसानों के लिए 31 अगस्त कर दी है। किसानों के फसल बीमा करवाने के लिए बैंक पासबुक, फसल बोवनी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बही और बटाईदार किसान या किराए पर ली गई ।

# महंगाई की मारः से मिड-डे मील संकट में, किचन से गायब है मैन्यू

## सामग्रियों के दाम छू रहे आसमान रसोईयों को भोजन बनाने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

खाद्य सामग्री पर कमरतोड़ महंगाई के कारण स्कूलों में बच्चों के मिड डे मील पर संकट मंडराने लगा है। सरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलों सहित आंगनबाड़ियों के किचन से मैन्यू गायब होने लगा है। इसीलिए बताया जात है कि महंगाई डायन की वजह से बच्चों को मिड डे मील की पतली रोटियां पतली दाल परोसी जा रही है। स्कूलों में किचिन शेडों की हालत बेहद खराब है। रसोईयों को मानदेय भी पिछले दो महीनों से नहीं मिला है।

### 52 हजार बच्चों के पोषण आहार पर संकट

जिले में शासकीय प्राइमरी, मिडिल स्कूलों की संख्या 1888 है।प्राइमरी स्कूलों की संख्या 1340 और मिडिल स्कूलों की संख्या 145 और एकीकृत कक्षा पहली से आठवीं तक स्कूलों की संख्या 403 है। जिले में एक हजार से भी ज्यादा महिला स्व सहायता समूहों के जरिए हजारों बच्चों को दोपहर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। हालात यह है कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और उपलब्धता दोनों ही खतरे में है। जिससे हजारों स्कूली बच्चों के पोषण पर संकट खड़ा हो रहा है।

### 100 ग्राम अनाज में कैसे हो बच्चों का भरपेट भोजन

हरेक प्राथमिक विद्यालय में एक बच्चे के लिए 100 ग्राम अनाज,मिडिल स्कूल में150 ग्राम अनाज पीडीएस राशन दुकानों से उपलब्ध कराया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर 50 बच्चों पर महज 20 किलो और 4 से 5 किलोग्राम चावल खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। इतनी कम मात्रा में संतुलित और पौष्टिक भोजन तैयार कराना लगभग नामुमकिन ही साबित हो रहा है।

इसके अलावा रसोईगैस की बढ़ती कीमतों ने भी स्थिति को और कठिन बना दिया है।वर्तमान बजट मेंगैस सिलेंडर खरीदना मुश्किल हो रहा है। शिव ज्योति स्व सहायता समूह की लता, ज्योति सेन रसोइया पुष्पा देवी रुक्मणी बाई ने बताया कि आलम यह है कि कम कीमत और बढ़ती खाद्यान्ह वस्तुओं के दामों ने बच्चों को संतुलित पौष्टिक मिड डे मील उपलब्ध कराना मुश्किल साबित हो रहा है।



### सीमित बजट में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना मुश्किल

जिले के सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में मिड डे मील योजना अब संकट में है। रसोई गैस, राशन और अन्य खाद्य सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले महिला स्व सहायता समूहों को बेहद सीमित बजट में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना भारी पड़ रहा है। प्राथमिक स्कूलों में प्रति छात्र के लिए मात्र 6.78 रुपए और माध्यमिक स्कूलों में 10.17 रुपए की दर से राशि मिल रही है। इस राशि में दो सब्जी, रोटी, सलाद, पापड़ और अचार जैसी सामग्री को शामिल करना अब असंभव होता जा रहा है। महिला स्व सहायता समूहों की मांग है कि यह राशि बढ़ाकर प्राथमिक स्तर के लिए 10 रुपए और माध्यमिक स्तर के लिए 15 रुपए की जाए।

### कहीं दो तो कहीं तीन माह से नहीं मिला मानदेय

भोजन बनाने वाले रसोइयों को हरेक महीने 4000 रुपये मानदेय मिलता है।मनमानी का आलम यह है कि पिछले दो से तीन महीने से रसोइयों को मानदेय नहीं मिला है। जिससे महिलाएं संकट में है।

### खाद्य सामग्री के वर्तमान दाम...

- शक्कर- 45 प्रति किलो
- आलू - 20 प्रति किलो
- टमाटर- 60 प्रति किलो
- अरहर दाल- 120 से 130
- मूंग दाल- 140 से 155
- बेसन - 100 प्रति किलो
- बेसन - 100 प्रति किलो
- चना दाल- 70 प्रति किलो
- काबली चना- 80 प्रति किलो
- धनिया - 180 प्रति किलो
- मिर्च पाउडर- 180 प्रति किलो
- हल्दी पाउडर- 220 प्रति किलो
- एक लीटर तेल- 130 प्रति लीटर
- एक लीटर दूध- 60रू. प्रति लीटर
- गैस सिलेंडर- 830

### इनका कहना है

खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से ऐसी परिस्थितियों में भोजन बनाना बेहद मुश्किल हो गया है, नियमित नहीं मिल रहा रसोईयों को मानदेय।

संध्या विनोद यादव जिला अध्यक्ष रसोइया संघ

# शाबास बेटीः अंजना यादव ने ऊंची चोटी फहराया तिरंगा

## अंजना ने कई पुरस्कार जीत कर बनाया रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले की सेमरी दीवानगंज निवासी अंजना यादव हिमाचल प्रदेश पहुंची। रायसेन जिले की पहली पर्वतारोही अंतराष्ट्रीय पर्वत कर चुकी है फतह। जिले की बेटी अंजना यादव ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले में स्थित 6081 मीटर ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने में रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की है। मालूम हो कि पीक पर लगभग 6081 ऊंची चोटी पर भी तिरंगा फहराने का रिकार्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

### विश्व धरोहर पर तिरंगा फहराकर दिया संदेश

*पर्वतारोही अंजना यादव ने कई बार अंतराष्ट्रीय पहाड़ों की चोटियों पर भारतीय राष्ट्रीय तिरंगा फहराकर दिया बेटी बचाओ बेटी पढाओ का सन्देश।जिले के विश्व धरोहर सांची स्तूप भीम बैठिका और रायसेन किले की पहाड़ी पर भी तिरंगा फहरा चुकी हैं।इसके अलावा माउंटेन शिंकुन, जिस्पा से रमजा में माउंट किन्ना बालु में भी सफलता के झंडे गाड़ चुकी हैं।इन्हें मिली अपार सफलता पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुदित शेजवार कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे सहित भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा ने खुशियां जाहिर कर बधाई दी है।*



### यादव बने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह अध्यक्ष

**रायसेन।** श्री राधा कृष्ण मंदिर यादव समाज रामलीला मैदान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली जाने शोभायात्रा का अध्यक्ष रवि यादव (पार्षद), उपाध्यक्ष रोहित यादव को मनोनीत किया गया है। जिसमें यादव समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं सभी युवाजन उपस्थित रहे।मंदिर समिति अध्यक्ष रामस्वरूप यादव,रमेश यादव भैरों यादव कालू राम कल्लू यादवशिवलाल यादव राजेन्द्र यादव कैलाश यादव प्रेम सिंह यादव रवि शंकर यादव धर्मेंद्र यादव रामस्वरूप यादव बलाराम यादव , विजय राहुल रितिक यादव ऋषभ अतुल कैलाश यादव ऋषि राज आदि ने खुशियां जाहिर कर बधाई दी है।

# दुःख तकलीफ की घड़ी में आंखों में आंसू मत लानाः शिवराज सिंह

## मैं एक किसान हूं, किसानों का दर्द अच्छी तरह जानता हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा रविवार को रायसेन जिले के सिलवानी तहसील में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बम्होरी, पड़रिया जोड़, बरदहा बम्होरी जोड़, सांईखेड़ा और सिलवानी का भ्रमण किया गया।

इस दौरान उन्होंने बाढ़ से फसलों, मकानों आदि को हुई क्षति का जायजा लिया। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने सांईखेड़ा में बाढ़ प्रभावित खेतों में पहुंचकर फसलों को हुई क्षति का भी जायजा लिया। उन्होंने सांईखेड़ा और सिलवानी के



वार्ड क्रमांक-01 में घरों में जाकर बाढ़ से हुए नुकसान को देखा। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने बाढ़ प्रभावितों से कहा कि यह दुख, तकलीफ की घड़ी में सरकारें आप के साथ खड़ी हैं। माताएं-बहनें, किसान ऑखों में आंसू मत लाना, मुसीबत की इस घड़ी से सरकार बाहर निकालेगी। केन्द्र और प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ है उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि में भी एक किसान हूं और किसानों के दर्द को भली-भांति जानता हूं। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

# भारी बारिश में बह गई पुलिया एक हजार से ज्यादा ग्रामीणों का टूटा संपर्क, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरखेड़ा के गांव खेड़ा में दो दिन पहले हुई भारी बारिश के कारण घटिया पुलिया की मिट्टी बह गई। जिससे आने-जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर किसी महिला की डिलीवरी होना हो या किसी को अस्पताल ले जाना हो तो अस्पताल तक पहुंचना नामुमकिन होगा।

बीमार व्यक्ति या प्रसूताओं को बैलगाड़ी से ले जाया जाता है अस्पताल, क्योंकि इस मार्ग पर मोटरसाइकिल या फोर व्हीलर नहीं चल सकती है। देश को आजाद हुए 75 साल हो चुके हैं आज भी ऐसे



कई गांव ऐसे हैं जहां पर आज भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। वर्तमान समय में खेड़ा गांव की सड़क ना बनना समझ से परे है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री हर गांव को हाईवे से जोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कहीं गांव आज भी सड़क के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। बड़े शर्म की बात है , पिछले साल गांव वालों और सरपंच रामदयाल लोधी द्वारा चंदा इकट्ठा कर पुलिया पर मिट्टी डालकर मार्ग चालू किया गया था। लेकिन 2 दिन पहले हुई भारी बारिश से पुलिया की मिट्टी पूरी तरह बह गई है। आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों का इस पार से उस पर जाना नामुमकिन हो गया है । पुलिया की मिट्टी कट जाने के कारण अब पैदल भी चलना मुश्किल हो गया है।

कई किसानों की जमीन पुलिया के उस पार पड़ती है पुलिया की मिट्टी बह जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली भी नहीं जा पा रही है। कुछ किसानों के ट्रैक्टर ट्राली खेती के कार्य के लिए उस पार गए थे। पुलिया बह जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली घर तक नहीं आ पा रहे हैं। पुलिया पर मिट्टी कट जाने के कारण बच्चों और ग्रामीणों को नदी के अंदर उतरकर जाना पड़ रहा है।

# बगैर पुरुषार्थ के लक्ष्य का प्राप्त करना नामुमकिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पुण्यवान व्यक्ति के सभी कार्य निर्विवाद पूर्ण होते है। पुण्य सफल जीवन का आधार होने के साथ ही सेवा के कार्य भी कराता है।

इंसान का समय हमेशा एक सा नही रहता है। जीवन में उतार चढ़ाव का दौर चलता है, जब बुरा समय चल रहा हो तब जीव को समता भाव धारण करना चाहिए। यह कहना है मुनि साक्ष्य सागर महाराज का। वह रविवार को व्याख्यान की कड़ी में पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में समाजजनों को संबोधित कर रहे थे। प्रति दिन सुबह के समय जैन मंदिर में मुनि संघ के सानिध्य में पूजन, श्रीजी का अभिषेक, नित्य शांतिधारा आदि अनुष्ठान पूर्ण किए जा रहे है।



### तेज गति से दौड़ती कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल विदिशा रैफर



**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के लांबाखेड़ा मोड़ पर एक तेज गति से बलेनो कार ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, एएसआई रमेश रैकवार, सौरभ रघुवंशी और राहुल रघुवंशी ने तत्काल घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं कार चालक मौके से टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। थाने के एएसआई रमेश रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि लांबाखेड़ा मोड़ पर नर्मदा रेस्टोरेंट के पास भोपाल की ओर से विदिशा से आ रही नीले रंग की बलेनो कार एमएच 12 वीएन 9160 के चालक ने तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए विदिशा से बालमपुर गांव मोटरसाइकिल से जा रहे योगेंद्र अहिरवार पिता संतलाल अहिरवार उम्र 24 वर्ष उसके भाई ब्रजेश अहिरवार और प्रदीप अहिरवार सभी निवासी बेसनगर विदिशा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरे। दुर्घटना में योगेंद्र अहिरवार और प्रदीप अहिरवार को सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं।

# खुशियों वाला अगस्तः सावन व भादौं में रहेगी त्यौहारों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सावन का महीना वास्तव में खुशियों देने वाला होता है। क्योंकि सावन भादौ महीने का संगम होता है। 04 अगस्त चौथा सावन सोमवार05 अगस्त पुत्रदा एकादशी। 06 अगस्त प्रदोष व्रत। 09 अगस्त रक्षाबंधन, श्रावणी उपकर्म पर्व। 10 अगस्त भुजरिया विसर्जन। 14 अगस्त हलषष्ठी। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस। 16 अगस्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी। 17 अगस्त गोगा नवमी। 19 अगस्त जया एकादशी। 20 अगस्त प्रदोष व्रत। 23 अगस्त अमावस्या। 26 अगस्त हरतालिका तीज। 27 अगस्त गणेश चतुर्थी, गणेश उत्सव प्रारंभ। 28 अगस्त ऋषि पंचमी। 30 अगस्त संतान सप्तमी। 31 अगस्त राधा अष्टमी।



ग्रहों का होगा राशि परिवर्तन : धर्मशास्त्री पं. ओमप्रकाश शुक्ला पंडित राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार अगस्त माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन भी होगा। इसके कई शुभ अशुभ प्रभाव दिखाई देंगे। सूर्य 17 अगस्त को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसी प्रकार वक्री चल रहे बुध 4 अगस्त को मार्गी होंगे और 29 को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। बुध के इस बदलाव से व्यापार जगत में कई तरह के परिवर्तन दिखाई देंगे।

## रास्ता कच्चा होने से छात्र-छात्राओं का आवागमन मुश्किल भरा

# कॉलेज के रास्ते में पानी बना विद्यार्थियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्टेट हाइवे 44 से शासकीय पीजी कॉलेज तक जाने वाला एक किलो मीटर से भी कम लंबाई का रास्ता पूरी तरह से कच्चा है। इस रास्ते का उपयोग प्रतिदिन कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं करते है। लेकिन उक्त रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग लगातार उठती रही है। ना तो जन प्रतिनिधियो और ना ही छात्रहितों के लिए संघर्ष करने का दावा करने वाले छात्र संगठनों ने सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल की । फल स्वरुप उबड़ खाबड़ रास्ते को पार कर विद्यार्थी अध्यापन कार्य के लिए कॉलेज तक पहुंच रहे हैं।

तहसील मुख्यालय के पीजी कॉलेज तक पहुंचना खतरनाक होता जा रहा है। इस सड़क का उपयोग छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्र की इंदिरा आवास कॉलोनी की करीब 2 हजार आबादी भी आवागमन करती है। इसी के साथ ही यह रास्ता अन्य गांवों के लिए भी जाता है। जहां के ग्रामीण विभिन्न कार्यो के लिए कमोवेश प्रतिदिन सिलवानी आते हैं। रास्ता कच्चा व उबड़ खाबड़ होने से आवागमन में परेशानी का कारण बन रहा है।



### कच्चे रास्ते में भरा गंदा पानी

करीब एक किलो मीटर का रास्ता उबड़ खाबड़ व कच्चा होने से गडढों में तब्दील हो गया हैं। सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण ना होने से रहवासी मकानों का पानी सड़क पर फैल रहा हैं। गडढों में भरा रहा पानी आवागमन में परेशानी का कारण बन रहा है फैल रहे मच्छर से संक्रामक बीमारी।

### सड़क निर्माण में अक्षम छात्र संगठन

पीजी कॉलेज तक जाने वाली एक किलो मीटर से भी कम लंबाई वाली इस सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि व छात्र हितों की बात करने वाले अभाविप व एनएसयूआई जैसे छात्र संगठन भी मौन धारण किए हुए हैं। हालांकि सड़क निर्माण की मांग विभिन्न मंचो पर उठ चुकी है। लेकिन किसी के भी द्वारा मांग को तवज्जो नही दी गई। छात्र पूछ रहे है कि इस सड़क का पालनहार कौन होगा या इसी व कच्ची सड़क से ही आवागमन करना पड़ेगा। छात्रों ने उठाई सड़क निर्माण की मांग कॉलेज में अध्ययनरत छात्र- छात्राएं लगातार विभिन्न मंचो से स्टेट हाईवे 44 से शासकीय पीजी कॉलेज तक पक्की सडक का निर्माण कराए जाने की मांग बीते कई वर्षो से करते आ रहे हैं।